**प्रेस नोट सं-14**

**दिनांक 07.07.2025**

**सराहनीय कार्य जनपद अमेठी**

**थाना इन्हौना पुलिस द्वारा चोरी की 01 अदद मोटरसाइकिल के साथ 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार ।**

पुलिस अधीक्षक अमेठी श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 07.07.2025 को क्षेत्राधिकारी तिलोई श्री दिनेश कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में थाना इन्हौना पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर पर मोटरसाइकिल सवार 01 नफर अभियुक्त गुफरान पुत्र अजमतउल्ला निवासी ग्राम मिलकियाना मजरे इन्हौना थाना इन्हौना जनपद अमेठी उम्र करीब 25 वर्ष को गिरफ्तार किया गया । मोटरसाइकिल स्पलेण्डर प्लस सं0 यूपी 36 वी 8553 के कागजात मांगने पर दिखा न सका । पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि यह मोटरसाइकिल चोरी की है जिसे मैनें दिनांक 06.07.2025 को अर्मा हास्पिटल के बाहर से दिन में चोरी करके झाड़ियों में छिपा दिया थी । मोटरसाइकिल स्पलेण्डर प्लस सं0 यूपी 36 वी 8553 के संबंध में थाना इन्हौना पर मु0अ0सं0 48/25 धारा 303(2) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत है । बरामदगी के आधार पर अभियुक्त को गिरफ्तार कर थाना इन्हौना पुलिस द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता –**

- गुफरान पुत्र अजमतउल्ला निवासी ग्राम मिलकियाना मजरे इन्हौना थाना इन्हौना जनपद अमेठी उम्र करीब 25 वर्ष ।

**बरामदगी-**

- चोरी की मोटरसाइकिल स्पलेण्डर प्लस सं0 यूपी 36 वी 8553 ।

**पंजीकृत अभियोग-**

- मु0अ0सं0 48/25 धारा 303(2), 317(2) बीएनएस थाना इन्हौना जनपद अमेठी ।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –**

1. श्री प्रदीप सिंह थानाध्यक्ष इन्हौना जनपद अमेठी ।
2. उ0नि0 राजेश चन्द्र पाल थाना इन्हौना जनपद अमेठी ।
3. का0 अंकित यादव थाना इन्हौना जनपद अमेठी ।
4. का0 अभिषेक कुमार थाना इन्हौना जनपद अमेठी ।